दयासिंधू कहावै तो, दया मो दीन पै कीजै ।
दिखा निजरूपकी झांकी, चहूं क्या और तुझसे मैं ॥ सुनो० ॥
लहूं अनुभूति मैं मेरी, रहूं निजधाममें सुखसे ।
चहै ये "थान' भव भवमें, यजूं पदकंज तेरे मैं ॥ सुनो० ॥२३॥

शार्दूलविक्रीडित छन्द ।

संयुक्तं सुबलं महाबल पिता, नग्री जया जन्मभू,
सीमा रूपसुबुद्धि मात महिमा, चिह्नं सुचंद्रान्वितं ॥
संसंतानंदपूर भूरि सुखदं, दूरीकृतं दुर्दुखं,
लोकालोकविलोक शोकदलनं देवं भुजंगं नमः ॥ २४ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीभुजंगमजिनेन्द्रेभ्यो जयमालार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २४ ॥

मडिल्ल छंद।

जिन भुजंग थुति करत दुरित सबही डरै।
ध्यान द्वार उर धरत कर्म दादुर डरै॥
टरै सकल भवपीर भीर परगुन तनी।
होत सिद्ध सब काज ऋद्धि अतुलित घनी॥ १॥

इत्याशीर्वादः।

इति श्रीभुजंगमजिनपूजा समाप्ता॥ १४॥

अथ श्रीईश्वरजिनपूजा।

छप्पय छन्द।

सुवृष वृषभ आरूढ झुंड भव झलक रुंड शृग।
जटाजूट निजभाव ध्यान पन्नग भूषण लग॥

गिरा गंग उछलंत त्रिगुन तिरशूल तेजकर ।
विशदज्ञानसंयुक्त विश्वभासक त्रिनयनधर ॥
चवविध सु घाति भस्मी सु तन, भाल चंद्र चिदगुन झलक ।
शुचि समवसरन कैलासथल, रहे निवास ईश्वर अलख ॥ १ ॥

दोहा ।

किये घातिविध विष अशन, पियें स्वानुभवभंग ।
अनहत ध्वनि डमरू डमक, शिव गिरिजा अरधंग ॥ २ ॥
तम अघभर रविकरनिकर, ईश्वर अलख अभेव ।
करि करुना करुणारणव, तिष्ठ तिष्ठ इत देव ॥ ३ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्र अत्र अवतर अवतर । संवौषट् ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्र अत्र मम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

अथ अष्टक ।

रुचिरा छंद ।

सम सुर भोग मनोज्ञ महाजल, शशिकरसम द्युति धारी ।
प्रासुक परम पीरतृटभंजन, निजमनमज्जन भरि झारी ॥
वरमतिवरद विरदभयभंजन, रमन उमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ १ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

युत अहिगन वन भूरुहवासित, त्रासिततप अति है सीरा ।
घसि युतजलचंदन अलिगन, रंजनगंजन आकुलकुल पीरा ॥
वरमतिवरद, विरदभयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ २ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २ ॥

सम पयफेन विशद अतिपावन, मुकताफल मनुभनियारे ।
पूरितगंध घ्राणहगरंजन, भंजन क्षुत अक्षत प्यारे ॥
वरमति वरद विरदभयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ ३ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ॥ ३ ॥

सुमनसमूह विविधविधि पावन, वरणविचित्रित गंधभरे ।
नाशन बाण मनोभव मनहर, सुखकर शीतल भेट धरे ॥
वरमति वरद विरद भयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभव श्रमहारी ॥ ४ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ४ ॥

नव नैवेद्य सुरस रसपूरन, चूरन क्षुत शुचि बलकारी ।
चंद्रकला वर घेवर वावर, फीणी मोदक भरि थारी ॥

वरमति वरद विरद भयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ ५ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ५ ॥

चिदगुन अमित रोकि इह राजत, मोहमहातमव्रज भारी ।
कर तिहिं नाश प्रकाश सुगुनकर, दीप चढाऊं तमहारी ॥
वरमति वरद विरद भयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ ६ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ६ ॥

अगर पटीरादिक वर चूरन, धूप धनंजय संग धरूं ।
जारन बंध करा दुरभावन, श्रीपति पांय प्रनाम करूं ॥
वरमति वरद विरद भयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ ७ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ७ ॥

फल रसपूर विविधविधि पावन नारंगादिक थाल भरूं ।
शिवफलहेत यजूं भवभंजन, तव पद कंजन भेट धरूं ॥
वरमति वरद विरद भयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ।
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ ८ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ८ ॥

जल गंधाक्षत सुमन मनोहर, नेवज नवल सु थाल भरूं ।
दीप धूप फलपुंज सुहावन, ले वसुद्रव्य सु अर्घ करूं ॥
वरमतिवरदविरद भयभंजन, रमनउमा शिव त्रिपुरारी ॥
पावनपतित चरन तव ईश्वर, यजूं भ्रमनभवश्रमहारी ॥ ९ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ९ ॥

अथ जयमाला ।

दोहा ।

शंकर शं करि सकलके, हरि विकलपगन भूरि ।
पूरि पूरि उर सर सुरस, चूरि चूरि दुखचूरि ॥ १ ॥

दीपकला छंद ।

जय ईश्वर देव कृपानिधान, चितकोकशोकदल दिनसमान ।
भविवृंदकोकनदकूं कलिंद, शिवबधूवदनपंकजमलिंद ॥ २ ॥
सजि ध्यान जुगल भुजबल अखंड, जय मल्ल मोह जीत्यो प्रचंड ।
तुम जय जय जय जगजलधिसेतु, निरमद कीनो रिपु मकरकेतु ॥३॥
तुम नाममंत्रमहिमा अपार, अघधनवन जारनकूं तुषार ।
ताके प्रभाव विष नशत भूर, नहि डंक सकै विषधर करूर ॥ ४ ॥
मृगपति पद चाटत है सपेम, मदपूरित कुंजर शिष्य जेम ।

थलसम जल जलसम अगनि होत, दुरजन उर सज्जनपन उदोत ॥५॥
नृप कुपित कृपा ठानैं अपार, रुजवृंद सकल नाशै असार ।
इक छिनमें दुख दारिद्र खोत, सब शोक नशै आनंद होत ॥ ६ ॥
कहूं डायनि सायनि भूत प्रेत, भय कर न सकै दुरमतिनिकेत ।
सुत पंडित सुभग सुशील वाम, याचें किंकर वरसुमतिधाम ॥ ७ ॥
जिहतैं यश वरनत नाकईश, वृषप्रीतिभाव वरतें मुनीश ।
यातें महिमा कछु नांहि जास, जिहतें प्रगटै चिदगुनप्रकाश ॥ ८ ॥
उचरैं छिन अंतसमै सुजास, नर पामर पावत नाकवास ।
वरमाल धरै उर मुक्तिबाल, सहजानँद सुख उपजै विशाल ॥ ९ ॥
दुरजय विधिबंधन होत दूरि, दुख जनम मरन व्यापै न भूरि ।
इक जनम अलप सुखके प्रकाश, सुरतरु चिंतामणिसम न जास ।१०।
यह अशमशक्ति महिमा निधान, नहि वरनसकै धरि व्यार ज्ञान ।

ये जगतशिरोमणि मंत्रराज, दुरगतिदुखभंजनकों इलाज ॥ ११ ॥
जबलों स्वतंत्र होवै न जीव, ये मंत्र बसो उरमें सदीव ।
अरजी येही अवधारि देव, भव भव दीजे तव चरन सेव ॥ १२ ॥
गुनगान सुधारसमें किलोल, मनमच्छ करन चाहै अडोल ।
मति होहु अश्रन्थाभाव अंस, निवरो अज्ञान दुरभाववंस ॥ १३ ॥
भव भव सज्जनजनको सुसंग, निजचिंतभाव वरतो अभंग ।
वर देहु यहै करुनानिधान, कर जोरि जुगल जाचै सु "थान" । १४।
मेरी करनी पर मति निहारि, निज प्रणतपालपनकूं विचार ।
करतें कर गहि लखि दीन मोहि, करनो विलंब छाजै न तोहि । १५।

सुरस छंद ।

नृप गलिसेन तात अरु माता, ज्वाला सुजसवमही ।
नगर सुसीमा जास जनमहित, स्वर्गसमान भई ॥

जीतें मोह सूर्यलच्छनकी, जयध्वज फहर रही ।
ता ईश्वरकी जयमाला यह, जयदा होहु सही ॥ १६ ॥

दोहा ।

जिन ईश्वरकी थुति यही, उचरत शुद्ध सुभाय ।
प्रकटै सहजानंद सुख, सकल विघ्न टरिजाय ॥ १७ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीईश्वरजिनेंद्राय जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १७ ॥

अडिल्ल छंद ।

जिन ईश्वर पदकंज सरस मन भावने ।
जो पूजे मनलाय साख्य सरसावने ॥
कामधेनु समता प्रकटै उर जासके ।
तृष्णा डायन वीर लगै नहि तासकै ॥ १ ॥

इत्याशीर्वादः ।

इति श्रीईश्वरजिनपूजा समाप्ता ॥ १५ ॥

अथ श्रीनेमिप्रभुजिनपूजा ।

अडिल्ल छंद ।

त्वं निस्पृह निकलंक अंक चिद चारु हो ।
मंडित अतुल विभूति सुशक्ति अपार हो ॥
मैं आह्वानन करूं स्वहित चित ल्यायकै ।
भो करुनाकर नेमि ! तिष्ठ इत आयकै ॥ १ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्र ! अत्र अवतर अवतर । संवौषट् ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

अथ अष्टक ।

मदनमोहन छंद ।

सित सुंदर प्रासुक नीर, हिम तृट दाहहरा ।

मै जनममरन भय भीरु, धारूं धार धरा ॥
वृषस्यंदन–सुंदर-नेमि, शिवतिय प्रेम पगे ,
वर नेम धरैं जिन नेमि, यजत कलंक भगे ॥ १ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

वर मलयज म्हैकन मंजु, कुंकुम संग घसैं ।
सरसत सुख आलि छकि गंध, परसत ताप कसैं ॥
वृष स्यंदन सुंदर नेमि, शिवतिय प्रेम पगे।
वर नेम धरैं जिन नेमि, यजत कलंक भगे ॥ २ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २ ॥

अक्षतगन मनु कनहीर, सितपयफेनसमं ।
शुचि मंडितगंध अखंड, रुजक्षयकूरदमं ॥
वृषस्यंदन सुंदर नेमि, शिवतियप्रेम पगे ।

1 धर्मरूपी रथकी सुंदर धुरा ।

वर नेम धरें जिन नेमि यजत कलंक भगे ॥ ३ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ॥ ३ ॥

शुभ सुंदर शुचि सुकुमार, सुमन सुगंध भरे ।
लहि केतकि कंज गुलाब, सेवति आदि खरे ॥
वृषस्यंदन सुन्दर नेमि, शिवतियप्रेम पगे ।
वर नेमि धरें जिन नेमि यजत कलंक भगे ॥ ४ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ४ ॥

रसयुत रसनाललचान, मोदक मनहारी ।
वर घेवर चन्द्रकलादि, व्यंजन भरि थारी ॥
वृषस्यंदन सुन्दर नेमि, शिवतियप्रेम पगे ।
वर नेम धरे जिन नेमि यजत कलंक भगे ॥ ५ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ५ ॥

तमभंजन दीपक ज्योति, उपमा फबत असें ।
ये जारत मनु अघपुंज, है मिस धूम नसें ॥
वृषस्यंदन सुदंर नेमि, शिवतियप्रेम पगे ।
वर नेम धरें जिन नेमि यजत कलंक भगे ॥ ६ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ६ ॥

वर चूरन पूरनगंध, पावक संग धरें ।
मिस धूम मनूं मन मैल, नभ मग गौन करें ॥
वृषस्यंदन सुन्दर नेमि, शिवतियप्रेम पगे ।
वर नेम धरे जिन नेमि, यजत कलंक भगे ॥ ७ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय धूपं निर्व।।मीति स्वाहा ॥ ७ ॥

फल दाडिम दाख विदाम, एला लौंग भले ।
रसपूरित रम्य रसाल, खारिक स्वाद रले ॥

वृषस्यंदन सुन्दर नेमि शिवतियप्रेम पगे ।
वर नेम धरें जिन नेमि यजत कलंक भगे ॥ ८ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ८ ॥

जल चंदन अक्षत श्वेत, सुमनसमूह रले ।
चरु दीपक धूप फलौघ, भरि करि थाल भले ॥
वृषस्यंदन सुन्दर नेमि, शिवतियप्रेम पगे ।
वर नेम धरें जिन नेमि, यजत कलंक भगे ॥ ९ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ९ ॥

अथ जयमाला ।

दोहा ।

जसु वच विमल कृशानुझल, दुरनय वचन पतंग ।
गिरत विसन निज विजयहित, होत आप ही भंग ॥ १ ॥

कृपासदन मदमदनदल, विधि खल दल क्षयकार।
नमूं नेमिपदकमलयुग, अशरन शरन अधार ॥ २ ॥

तारकवरन छंद।

तुम तो प्रभु नेम त्रिलोकधनी हो, तुमरी महिमा नाहि जात भनी हो।
इकही गुन ज्ञान अमान अनै सो, वरन्यो न जहै जिम है तिम तैसो॥
षट द्रव्य असंख्य अनंत प्रमाने, नहिं अंत अनादिहितैं तिथि ठाने।
सबही गुण औघ अनंत सुधारैं, गुण हू पर्याय अनंत विथारैं ॥ ४ ॥
सु बहै गत वर्चत आगत जे हैं, झलकैं तुमरे निजभाव विषै हैं।
तुमरो उर ध्यान सुभान प्रकाश्यो, भ्रमभावविभावरिको तम नाश्यो॥
विकसी शुभ आस्रव राजिवराजी, उडुवृंद दुरास्रव ज्योति न साजी।
चकवी सदबुद्धि हिये हुलसाई, उलवा अविवेक न देत दिखाई॥

१ रात्रिका।

भवसंसृति बेलि भई कुमलानी, वर भाँति पदारथ पाँति पिछानी ।
कुनया व्यभिचारनि जेम दुरी है, गति मोहनिशाचरकी न फुरी है ॥
सुसुधारस प्यास प्रचंड बधाई, प्रगटी व्रेत भोजनकी सु क्षुधा ही ।
वट मार महाभट मार पिरानो, तटिनी तृसना जल जात सुखानो ॥
मदभाव महीधरसे अकुलाने, व्यवसाय गए गुनलाभ अमाने ।
विन बंध प्रतीति भई उर ऐसे, पतिके भुजतें नव नागरि जैसे ॥
प्रकट्यो शिवको मग सहज सुभाए, पथिकी चिदराव हिये हुलसाए ।
चहिहूं कर जोरि जिनेश इहै मैं, वरतो यह ज्योति अखंड हियेमें ॥
तुमरे गुनवारिधमें चित ध्याये, सुमिलै तुममें फिरकें नहि आये ।
फुतरी मिसरी जल थामन ध्यावै, लहि थाह कहो किम आनि कहावै ॥
अनुभो गत है तुमरी गति जानै, तवही गति पंचम है विधि भानै ।
इसही हित तो मुनिनायक ध्यावें, पर आश्रित भाव सभी छिटकावें ॥

सुसुधा निज छाक छके अविकारी, विचरे निरशंक भये भयटारी ।
तुमसो निजकूं निजतें नहिं ध्यावै, तबलों शिवथानककूं नहि पावै ॥
सुप्रतीति यहै उर "थान" धरी है, तिहतैं शरना तुमरी पकरी है ।
शरनागत पालक है पन तेरो, चहिये हरनो अब तो दुख मेरो ॥

द्रुमिला छंद ।

तिहके पदध्यान धनंजयमें घन पाप पतंगन जेम जरें ।
तसु वानि छके गुरुभेषजसी, विधिबंधनविधि छिनमें निवरें ॥
मद रावनही रघुवंशधणी नित नेमप्रभू तुव जो सुमरै ।
सु लहै वर दर्शन ज्ञान चरित्र अनुक्रमतें शिवनार वरै ॥ १५ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीनेमिप्रभुजिनेंद्राय जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अडिल्ल छंद ।

नेमप्रभू जसगान उचारत भावसूं ।

पूज करैं मनलाय होय शुचि चावसूं ॥
ताके विकलपवृंद द्वंद्व सब ही टरै ।
ह्वै निर्विकलपदशा शक्ति अपनी धरै ॥ १ ॥

इत्याशीर्वादः ।

इति श्रीनेमिजिनपूजा समाप्ता ॥ १६ ॥

---:o:---

अथ श्रीवीरसेनजिनपूजा ।

स्थापना । छप्पय छंद ।

आदि ओर नहिं जास जोर[1] अद्भुत प्रचंड जसु ।
इंद्र चंद्र नागेंद्र जीति नहिं सकत बोध तसु ॥
सकल जीव जडरूप ठानि ह्वै रह्यो गुमानी ।

1 बल ।

मोह वीर वरशक्ति रंच नहि जात बखानी ॥
जिन वीरसेन वर वीर तुम, धीर धारि तिंह नाश कर ।
है कृपावान निज दासपै, तिष्ठ तिष्ठ इत देववर ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थितश्रीवीरसेनजिनेंद्र ! अत्र अवतर अवतर । संवौषट् ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थितश्रीवीरसेनजिनेंद्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थितश्रीवीरसेनजिनेंद्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

अथ अष्टक ।

त्रिभंगी छंद ।

सुरसरिसमनीरं हरितृटपीरं, प्रासुकसीरं गंधयुतं ।
भरि कर वर झारी धार उतारी, भारी भवरुजतापहतं ॥
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं ।
विधि अरि हन,वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ १ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

मलय जु वन आश्रित सुभग सुवासित, त्रासिततपहर अतिसीरा।
शुचि कुंकुमरंगी घासि तिह संगी, अरचत पद हर भवपीरा ॥
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं।
विधि अरि हन वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ २ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २ ॥

तंदुल अनियारे सित अतिप्यारे, मनु दुतिधारे सीपसुतं।
शुचि सलिल पखारे पुंज सुधारे, अग्र तिहारे भावयुतं।
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं।
विधि अरि हन वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ ३ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ॥ ३ ॥

शुचि सुमन चमेली चंपक रेली, श्यामा बेली पुष्पवरं।
निशिगंध सुरंगं सेवति संगं, हरत अनंगं भेट धरं ॥

यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं ।
विधि अरि हन वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ ४ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ४ ॥

षट् रस रस भीने अन्न नवीने, नेवज लीने बलकारी ।
मैं मन हरषाऊं क्षुत विनशाऊं, चरन चढाऊं भरि थारी ॥
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं ।
विधि अरि हन वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ ५ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ५ ॥

दीपक तमहारी ज्योतिप्रजारी, भरि वर थारी भेटधरं ।
तमभ्रमभंजन विधिअरिगंजन, निजगुन सज्जनसौख्यकरं ॥
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं ।
विधि अरि हन वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ ६ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ६ ॥

अगरादिक पावन गंध सुहावन, ले धूपायनमाहि धरूं ।
तुम पदतर धारूं सुजस उचारूं, कलमष टारूं बंध हरूं ॥
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं ।
विधि अरि हन वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ ७ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ७ ॥

फल पक्व सुपावन नैनलुभावन, शिवफलपावन भेट करूं ।
खारिक मनभावन दाख सुहावन, दाडिम आदिक थाल भरूं ॥
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरससागर बोधवरं ।
विधि अरि हन वीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ ८ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ८ ॥

जल गंध सुहावन अक्षत पावन, घ्रानलुभावन पुष्प लिये ।

चरु दीप रु धूपं फल शुचिरूपं, अर्घ समपूं हर्ष हियं ॥
यतिवर वरनागर सुजसउजागर, समरसमागर बोधवरं ।
विधि अरि हनवीरं जगजनवीरं, जिनवरवीरं पीरहरं ॥ ९ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ९ ॥

अथ जयमाला ।

दोहा ।

विषमचरित रनभूमिमें, अरि विभावगन जीत ।
वीरसेन निजभाव गढ़, निवसे निपट अभीत ॥ १ ॥
भवभूरुहदाहन-दहन, मनमलभंजन वारि ।
पामर पावन परमपद, तेरो नाम उचारि ॥ २ ॥

अडिल्ल छंद ।

वीरसेन वरवीर सुगुन रनभूमिमें ।

छके महारस वीर सुरस मद घूमिमें ॥
शिवश्यामा अनुराग प्रबल उरमें धरैं ।
ह्वै निशंक ललकार कर्मरिपुतें लरैं ॥ ३ ॥
करन चपलताधारक मनमातंग पैं ।
भये उमगि असवार कर्मरनरंगपैं ॥
समरसभाव सनाह सुरुचिकुल हाँकिये ।
साहस शुभकोदंड सरल सायक लिये ॥ ४ ॥
भेदज्ञान वरमित्र संग सुखदैन है ।
सहस अठारा शीलभाव वरसेन है ॥
सेनानी निजबोध बडो बलि बंड है ।
चारित सुभट सधीर अरीगन खंड है ॥ ५ ॥
चक्रव्यूह मिथ्यात्व भेदि अरि सेनमें ।

पैसे धारि उमंग विजय जस लेनमें ॥
सात सुभट तह चूरि चरन आगें धरें ।
चढि सप्तम गुनथान तीन अरिछय करें ॥ ६ ॥
साजि समाधि बल जोरि अनूपम रिस बढे ।
उपशम अवनि विहाय क्षपक श्रेणी चढे ॥
सुभट छतीस प्रचंड नवें थलमें हरे ।
दशमे सूक्षम लोभ नाशि उर रिस भरे ॥ ७ ॥
सुकलध्यान पद दुतिय चंड असि हाथ ले ।
द्वादशमें गुणथान सुभट सोलहदले ॥
सकल घातिया प्रकृति तरेसठि चूरिकैं ।
अद्भुत शोभा सजी बाल शिव पूरिकैं ॥ ८ ॥
गुन अनंत परपूरि असम शोभा घनी ।

परमौदारिक देह परमदुतितें सनी ॥
परमभक्ति भरि इंद्र द्रव्य वसु शुभ सजें ।
परम शर्मकरतार चरन तुमरे यजें ॥ ९ ॥
रूप सुधारस पान सहस दृगपानतें ।
करत न रंच अघात अचल पलकानतें ॥
रसन तालु अस्पर्श अनाहन ध्वनि खिरै ।
भव ग्रीषम तपहरन मेघ-झरसी झरै ॥ १० ॥
जातिविरोधी जीव तजत सब बैर है ।
शत योजन चहुं ओर सुभिक्ष तहां रहै ॥
जंतू वध नहि होय विभव जहँ तुम तनी ।
भई प्रकट इत्यादि दयानिधिता घनी ॥ ११ ॥
करत तिहारो ध्यान सकल दुखगन नशै ।

तुम पद निज उर बसे मनूं हम शिव बसे ॥
तुम सब जाननहार कहा तुमतें कहूं ।
चहूं और कुछ नहीं सुगुन तेरे गहूं ॥ १२ ॥
मेरे औगुन ओर न नेक निहारिये ।
दीनबंधु निज नाम तनी पन पारिये ॥
विनऊं तोहि जगेश जोडि जुग पानकूं ।
भव भव तेरी सेव देव ! दे "थान" कूं ॥ १३ ॥

सवैया इकतीसा ।

भूमिपालभूपकुलकंजविकसानभान, भंजनबलीश बलिबंड मोहसैनाके
भानचिन्ह केतु भवसिंधु लंघवेकूं सेतु, दरप विहंड महामैन दुखदैनाके
सुभगपुरंदरकेपुरुसोपुर पुंडर है, रच्यो गयो कारन तिहारे जन्मलैनाके
तप रनवीर धीरधारी देव वीरसेन, दायक अनंद जयो नंद वीरसेनाके ।

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीवीरसेनजिनेंद्राय जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १४ ॥

अडिल्लछंद।

बीरसेन जिन वीर धीर धर जो यजै।
वीररूप निज धारि सु कायरता तजै॥
ते वसुमी भुवि लसै शत्रु वसु जीतिसैं।
विलसै सुख निज धाम मुक्तिकी प्रीतिसैं॥ १॥

इत्याशीर्वादः।

इति श्रीवीरसेनजिनपूजा समाप्ता॥ १७॥

अथ श्रीमहाभद्रजिनपूजा।

मंगल छन्द।

देवराज नृपके वर नंदन, उमासूनु सुखदाय।
विजया नगर परम पावन तहं, लियो जनम शुभ आय॥

चन्द्र चिन्ह ध्वजधरन देववर, महाभद्र जिनराय ।
थापूं तोहि यजन हित हे जिन, तिष्ठ तिष्ठ इत आय ॥ १ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्री महाभद्रपरमदेव ! अत्र अवतर अवतर । संवौषट् ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रपरमदेव ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रपरमदेव ! अत्र मम सन्निहितो भव भव। वषट् ।

शरन हम महाभद्र तोरी, करमअद्रिहरकुलिश कृपापर कर सहाय मोरी ॥ टेक ।

सलिल मिष्ट शीतल मन भावन जुत सुगंध डोरी ।
मोचन मलविधिबंध धार त्रय धरूं चरन ओरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करम अद्रिहरकुलिश कृपापर कर० ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेन्द्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

चंदन बावनके संग पावन, कुंकुम घसि जोरी ।

तुम पद युग अरचत शिवनायक, परमत शिवगोरी।
शरन हम महाभद्र तोरी, करमअद्रिहरकुलिश कृपापर० ॥२॥
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २ ॥

अक्षत ओघ अखंड अनीयुत, हँसत चंद्र ओरी।
करत पुंज तव चरनकंज तर, पावत शिवगोरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करमअद्रिहरकुलिश कृपापर० ॥ ३ ॥
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ॥ ३ ॥

सुमन सुहावन घ्राणलुभावन पावन मन डोरी।
पावन-तुव पावनतर धारत मैन मनी मोरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करमअद्रिहरकुलिश कृपापर० ॥४॥
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ४ ॥

नेवज नवल सुहाने घेवर फीनी रसबोरी।

श्रीपति चरन चढात तिहारे, नाशै क्षुत दौरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करमआद्रिहरकुलिश कृपापर० ॥५॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ५ ॥

वाति कपूर पूर दुति सुंदर, तुम सनमुख जोरी ।
ज्ञानभान परकाशि नाशि तम, भई बुद्धि गोरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करमआद्रिहरकुलिश कृपापर० ॥६॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ६ ॥

पूरनगंध धूप अगरादिक, पावकसंग जोरी ।
तुम पद धरत बंधविधिकारन, जरै करम डोरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करमआद्रिहरकुलिश कृपापर० ॥७॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्रेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ७ ॥

फल रसपूर मधुर अवलोकत, ललचत दृग जोरी ।

तुम पद धरत चखत शिवफल वर, बँधै सुरस डोरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करमअद्रिहरकुलिश कृपा० ॥ ८ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ८ ॥

जल चंदन अक्षत मदनायुध, चरु अमृत कोरी ।
दीप धूप फल अरघ भेट तुव, करिकैं कर जोरी ॥
शरन हम महाभद्र तोरी, करमअद्रिहरकुलिश कृपा० ॥ ९ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ९ ॥

अथ जयमाला ।

दोहा ।

परिवर्त्तन अहि अशनकर, वैनतेय तसु वैन ।
महाभद्र जिन जयति जग, नमूं नमूं सुखदैन ॥ १ ॥

मोतीदाम छंद ।

जयो तुम भद्र गुनातमरूप, रची चिदचिंतन केलि अनूप ।
विराग कहैं तुमकूं कवि केम, रच्यो शिवभामनितें अतिप्रेम ॥ २ ॥
तजे किम भोग अहो जिनदेव, लिए तुम भोग अनंत अछेव ।
तज्यो किम लोभ अहो जिनराय, लही निधिज्ञान अनंत लुभाय ॥
तज्यो किम संग अहो जगपाल, धरो समवसृति भूति विशाल ।
तज्यो किम बांधववर्ग सुदेव, किये जगजंतुन बंधु स्वमेव ॥ ४ ॥
तज्यो किम मोह अहो जगपार, कियो सब ज्ञेयविषै विसतार ।
तजी चलवृत्ति कहो किंह भाय, रमो तुम लोकअलोकन जाय ॥५॥
तज्यो किम राज कहो जिनदेव, करें जगराज सबैं तुम सेव ।
तज्यो किम द्वेष कहो जगपाल, वसू विधिबंधनके तुम काल ॥ ६ ॥
सही हम जान लई मनमाहि, घटी तुमरी कछु हू नहि चाहि ।
तजे सब कारज जानि असार, गहे जितने जु लखे हितकार ॥ ७ ॥

भली तुमरी महिमा दुखनास, दियो अधर्मीजनकूं दिववास ।
तुहै मुखसो शशि चाहत कीन, बनात मनू विधि तोरि नवीन ॥८॥
करै तिहँ षोडश भाग सु जोरि, बनैं फिर ना तब डारत तोरि ।
घटा बधि या हित होत सदीव, लख्यो थिर नाहिं परें निशि पीव ॥९॥
लजे चरनाधर पाणि निहारि, कढै नहि कंज रहै गहि वारि ।
ध्वनी सुनि लाज्जि भयो घनश्याम, प्रभालखि मेरु गह्यो इक ठाम ॥
लखें तव तेज चितें दुचिताय, मनूं यह भान भमें नभ मांय ।
कहै उपमा तुमको कवि कोय, लहै तुमरी तुम ही मधि सोय ॥ ११ ॥
प्रभू हम दीन त्रपापट टारि, करी थुति ये अपनो हितधारि ।
क्षमों हमरे सब औगुन देव, कृपाकरि देहु सदा तुमसेव ॥ १२ ॥
गही शरना तुमरी अब देव, भये सब कारज सिद्ध स्वमेव ।
चहे यह "थान" दुहूं कर जोरि, अनातमभाव हुवै न बहोरि ॥१३॥

मालिनी छंद ।

इति जिनगुनमाला, पर्म आनंदशाला ।
सकलविघनटाला, शुद्धरूपा विशाला ॥
करि तन मन शुद्धी, जो स्वरों धारि गावें ।
विलसि सुख दिवालै, मुक्तिश्री सो लहावै ॥ १ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीमहाभद्रजिनेंद्राय जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अडिल्ल छंद ।

महाभद्र गुनभद्र भद्र मनतें भनें ।
कर्म अद्रि चकचूरि अचल सुख सो सने ॥
विलसै सुख सुरबालकमालिनी बागमें ।
रमें बहुरि चिरकाल वधूशिव लागमें ॥ १ ॥

इत्याशीर्वादः ।

इति श्रीमहाभद्रजिनेश्वरपूजा समाप्ता ॥ १८ ॥

—:०:—

अथ श्रीदेवयशजिनपूजा ।

खरगा छंद ।

देवयशगान तो करत मुदठानिकैं, धरतमुनिध्यानतें मोक्षपावै खरो ।
प्रानधारीनको प्रानरक्षक तुही, ज्ञानधारीनमें ज्ञानधारी वरो ॥
भूरि आनंदके कंद सुखवृंद दे, चूरिये दुंददल महर मोपै करो ।
देव देवेश जू थापिहूं तोहि मैं, तिष्ठ तिष्ठो इतै कष्ट मेरो हरो ॥१॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्र अत्र अवतर अवतर । संवौषट् ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्र अत्र मम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

अथ अष्टक ।

राग पीलू ।

तेरी भक्ति बसी मन माही, मैं तो पूजूं पद हरषाई ॥ टेर ॥

धुनी सुरसरी समजल प्रासुक, ले भृंगार भराई ।
करन नाश परत्राह तृषा त्रय, धारूं धार धराई ॥
तेरी भक्ति वसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई ।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

शुचि कुंकुम चंदन मलयागिर, घनरस संग घसाई ।
ताप महाआकुल कुल वारन, तुमरे चरन चढाई ॥
तेरी भक्ति वसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई ॥ २ ॥
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २ ॥

सित हिमाभ तंदुल अनियारे, धारि रकेवी माही
वसु गुनयुत वसुमी क्षिति पावन, पुंज करूं तुम माही ॥
तेरी भक्ति वसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई ॥ ३ ॥
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ॥ ३ ॥

पूरित गंध सुमन गन ऊपर, अलि अवला मँडराई ।
करन सुमन पावन हित हे जिन ! भेट धरूं मैं लाई ॥
तेरी भक्ति बसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई ॥ ४ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ४ ॥

नेवज मधुर नवल बलकारन, लोयन लेत लुभाई ।
करन पुष्ट निजरूप ज्ञानबल, भेट धरूं उमगाई ॥
तेरी भक्ति बसी मन माही, मैं तो पूजूं पद हरषाई ॥ ५ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ५ ॥

दीप कपूर पूरि घृत शुचिकैं, सुंदर जोति जगाई ।
आरति हरन आरती तेरी, करिहूं मन मुददाई ॥
तेरी भक्ति बसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई ॥ ६ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ६ ॥

अगर तगर कदलीसुत आदिक, चूरि सुधूप बनाई।
श्रीपतिचरनकंज तुमरे ढिग, खेऊं विधिछयदाई॥
तेरी भक्ति बसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई॥ ७॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा॥ ७॥

दाडिम दाख आम नारंगी, ले फलराशि सुहाई।
शिवफल हेत भेट तुमरे पद, ढिग धारूं उमगाई॥
तेरी भक्ति बसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई॥ ८॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा॥ ८॥

जल चंदन अक्षत पुष्पावलि, नेवज ले बलदाई।
दीप धूप फल बसुविध सुंदर, अर्घ धरूं तुमपांही॥
तेरी भक्ति बसी मनमाही, मैं तो पूजूं पद हरषाई॥ ९॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥ ९॥

अथ जयमाला।

दोहा।

विधिघन विन चिद्रविछटा, दमकि रही दुति ऐन।
छकित होत छवि निरखिकै, सुर नर मुनि मन नैन ॥ १ ॥

दोधक छंद।

तारक हो तुम ही जगस्वामी, बारक भो दुख अंतरजामी।
भौन विकाश दिनेश तुही है, शुभ्र गिरा धरईश तुही है ॥२॥
तू विधि है चतुराननधारी, मर्दन तू मुर मोह मुरारी।
और कषायविषैं बसि सारे, हो तुम द्वेष दोष दुख टारे ॥ ३ ॥
यद्यपि मोह तज्यो तुम स्वामी, ना करता हरता शिवधामी।
तद्यपि ध्यान धरें जिन तेरो, सिद्ध फुरै मनवंछित मेरो ॥ ४ ॥
यह उरमें दृढता हम धारी, तव पद सेव गही त्रिपुरारी।
यह भव कानन भीम गुसाईं, शैल विभाव तहां दुखदाई ॥ ५ ॥

श्रेय सबै करता तुम त्योंही, ना कछु संशय है विधि योंही ।
आस्रव नीर झरें झरने हैं, भूरुह बंधसमूह घने हैं ॥ ६ ॥
मोह महा मृगराज गलारै, धीर्य तहां जगजंतु निवारै ।
भील मनोज तहां दुखदानी, लूटनकूं शुभ सोंज सुहानी ॥७॥
प्रीति जहां जुरि झांसि रही है, द्वेष महाभयदैन अही है ।
है तृष्णा जल माल डरानी, व्हेल निगोद धरै दुखदानी ॥८॥
वारण मत्त जु मान जहां है, आरण महिष जु क्रोध तहां है ।
मत्सर रीछ जहां घुर्रावै, लोभ दरार अथाह दिखावै ॥ ९ ॥
कर्म उदे फल द्वैविध तामें, है हितकारक एक न जामें ।
आरति भाव बुरे वनचारी, पावक वेद कषाय करारी ॥ १० ॥
अक्षविलास पलास विकासै, आकुलभाव पिशाच जु भासै ।
छांह घनी घन है भ्रम जामें, सूझत ज्ञान दिनेश न तामें ॥११॥

भाव असत्य ढिगां भरमायो, मैं चिरतैं शिवपंथ न पायो ।
लब्धिबसाय गुरूमुख गाई, दीपशिखा तुमरी ध्वनि पाई ।१२।
चाहत हूं शिवराह गही मैं, जाचत हूं कछु और नहीं मैं ।
पंथसहायक ध्यान तिहारो, संबल दे निजबोध हमारो ॥ १३ ॥
बाहन शुद्ध क्रिया कर दीजे, संग सधर्मिनको नित कीजे ।
तो चरचा मगमें नित होवै, भक्ति सराय जहां हम सोवैं ।१४।
उद्यम ह्वै अथवा मगमाही, राह मिलै शुचि सम्यक याही ।
"थान" लहूं जब लों शिवनीको, ये सब होहु सहाय धनीको ॥

दोहा ।

जयो नृपति स्तवभूत सुत, गंगा उर अवतार ।
स्वस्तिक ध्वज जसु जनमथल, नगर सुसीमा सार ॥ १६ ॥

मेघविस्फूर्जित छंद ।

तजै शंका कांक्षा निजहितरता भाव संवेग धारैं ।

सजैं आनंदौघ पुलकितवपू शुद्धस्तूती उचारैं ॥
लहै सो संबोधं सकलसुखदं कीर्ति भूलोक छावै ।
हुवै शक्री चक्री अचल अमलं मुक्तिभूमी लहावै ॥१७॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीदेवयशजिनेंद्राय जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १७ ॥

अडिल्ल छंद ।

जयो देवयश देव देवपति पूजकी ।
भक्ति महासुख दैन कला शशि दूजकी ॥
करै सिन्धु सुख वृद्धि सिद्ध सब दायनी ।
घायक सकल कलेश कलंक पलायनी ॥

इत्याशीर्वादः ।

इति श्रीदेवयशजिनपूजा समाप्ता ॥ १६॥

अथ श्रीअजितवीर्यपूजा।

कवित्त छंद।

भास घन चेतनको विशद विकास जास,
त्रासन अरीकी जाहि वीरज अमानतें।
आसन्न कीन्हो है अचलासन अनूपहीकूं,
विजय अनंग कियो अंग अमलानतें॥
वीर मोह आदि जगजीततें अजीत लसें,
रंच न अघात शिवश्यामा सुखदानतें।
वीर्य अजितेश एम मगन सुखोदधिमें,
अंत करि अंतको चिरंजीभाव प्रानतें॥ १॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्र! अत्र अवतर अवतर। संवौषट्।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ। ठः ठः।
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव। वषट्।

अथ अष्टक।

राग बरवा।

हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी, तो गुन में झलकंत सही ॥ टेर ॥

सलिल स्वच्छ प्रासुक तृट भंजन, भरि भृंगार लहूंजी।
पावन पतित पांव तव पूजूं, भवभ्रमनाश चहूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी, तो गुन में झलकंत सही ॥ १ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

हरि बावन कदलीसुत कुंकुम, जलसंग मेलि घसूंजी।
श्रीपतिचरन चढावत तेरे, आकुलताप कसूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी, तो गुन में झलकंत सही ॥ २ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २ ॥

अक्षत श्वेत अमल अनियारे, करि शुचि थाल भरूंजी।
क्षिति दशमी पावन मनभावन, तव पद पुंज करूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी, तो गुन
में झलकंत सही ॥ ३ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ॥ ३ ॥

सुमन सेवती रैण सुगंधादिक, बहु भेट धरूंजी।
उद्दीपन शिवातियको करिकैं, विजय मनोज करूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी, तो गुन
में झलकंत सही ॥ ४ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ४ ॥

फैनी सुखदैनी क्षुतखैनी, चरु बहु भांति धरूंजी।

भरि वर थार वारि तव पदमैं, श्रुत परचाहि हरूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंनें जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी० ॥ ५ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ५ ॥

प्रज्वलित ललित गलततमभर वर, दीप उदोत करूंजी ।
भारतीश ! तुव करत आरती, आरति सकल हरूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी० ॥ ६ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ६ ॥

कृष्णागर कर्पूर शिलारस, मलयज चूर करूंजी ।
दशविध बंधक फंद प्रजारन, दाहकसंग धरूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी० ॥ ७ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ७ ॥

शुभ सहकार अनार नरंगी, निंबुक थार भरूंजी ।
शिव उरोज श्रीफल फलपावन, ये फल भेट धरूंजी ॥

हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी ॥ ८ ॥
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ८ ॥

जल गंधाक्षत सुमन चरूवर, दीप उदोत करूंजी ।
धूप दशांग पूररस फल वर, वसुविध अर्घ धरूंजी ॥
हो ज्ञानी तैंने जानि लई, मेरे दरदकी मैं कहूं कहाजी ॥ ९ ॥
ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ९ ॥

अथ जयमाला ।

दोहा—अजितवीर्य जिनदेव तुव, पदनीरज नमि भाल ।
धरि धीरज जग जस सुखद, भनूं विशद जयमाल ॥ १ ॥

दीपकला छंद ।

जय अजितवीर्य वीरज अपार, तुमकूं मम प्रणमन बार बार ।
सुख आशा धरि चिरतैं जिनेश, भवमें हम भ्रम ठाने अशेष ॥ २ ॥
सुखजाति निराकुलता न जानि, जडसंग किई निजशक्ति हानि ।

गुरुके मुखतें अब भेद पाय, निजमें तुम रूप रह्यो सु छाय ॥ ३ ॥
तुम समवसरन रचना बखान, नहिं वरन सकें धरि च्यार ज्ञान ।
निज नर भव पावन करन हेत, मैं वरनूं कछु आनँद उपेत ॥ ४ ॥
धनु पांच सहस भुवितें उतंग, सोपान सहस विंशति अभंग ।
लंबे इक कोशतने सुजानि, इक कर उन्नत आयाम मानि ॥ ५ ॥
योजन तसु द्वादस व्यास रूप, मणि-नील-शिला ऊपरि अनूप ।
तहँ प्रथम शाल वर धूलिशाल, पणरत्नरचित युत छवि विशाल ॥६॥
तिहके चवद्वारानितें सुजान, चौरी इक कोश गली महान ।
मणि फटिक भीति चहुं दिश अनूप, इह गंधकुटी तक रुचिर रूप ॥७॥
तिन मध्य प्रथम चहुं दिशमझार, चव वापी संयुत छवि अपार ।
जिन विंब धरे शुचि मानथंभ, मानी-मन-मद-मर्दन उतंग ॥ ८ ॥
चहुं ओर अवनि धुर वलयरूप, प्रासादपाँक्ति तिहमें अनूप ।
फुनि वेदी तज कीने प्रवेश, भुव दुतिय मध्य खाई शुभेश ॥ ९ ॥

मणिमयतट विकसित कंजब्रात, सोपान रत्नमय मन लुभात ।
शुकसारिक मोर मराल वृंद द्विज केलि करै नाना अमंद ॥ १० ॥
इम धूलीशालथकी सु जानि, खाई तक योजन एक मानि ।
फुनि बेदी तजि भुव तृतीय सार, सुवलय इक योजन मान धार ।११।
पुष्पानिकी बाड़ी है अनूप, मंडप जु अतान वितानरूप ।
थल सुंदर शिलतल है अपार, तित देव रमें आनंद धार ॥ १२ ॥
फुनि स्वर्ण साल सोहै अपार, छविमंडित मणिमय द्वार च्यार ।
तोरन वंदनमाला विशाल, बँगलें मुकताफल माल भाल ॥ १३ ॥
कँगुरे कटनी सीढी सुभेष, कंचन मणिमय राजे अशेष ।
शुक कोक मयूरादिक स्वरूप, मणि चित्र विविध झलकै अनूप ।१४।
सुर यक्ष तहां दरवान सार, नवनिधि द्वारै ठाडी अपार ।
आगैं दुहु औरनकूं महान, गलिएं विचरनकूं शोभमान ॥ १५ ॥
तिनमें द्वय द्वय अतिरुचिररूप, घटधूप नृत्यशाला अनूप ।

तहं द्रम द्रम द्रम बाजत मृदंग, सुरबाल नचैं वर ताल संग ॥ १६ ॥
सननन सारंगी सनननात, पग नूपुर झुननन झुनननात ।
ताथेई ताथेई ताथेई चलंत, फिर फिर फिर फिर फिरकी लहंत । १७ ।
लचकत कटि कर ग्रीवा सु सार, दरसात नवूं रस छवि अपार ।
तननं तननं तननं सुवीन, गतिपूर बजें स्वर सप्त पीन ॥ १८ ॥
लय ग्राम गमक मूर्छा सुधार, उचरंत तरल तानें अपार ।
इत्यादिक साजि श्यामाअनूप, जगपति जस वरनत भक्तिरूप । १९ ।
वन च्यार चहूं कौनै मझार, युत वेदी गिरि सर सरित सार ।
वापी वंगले रजरत्नरूप, क्रीडैं सुर नर खग तहं अनूप ॥ २० ॥
चंपक छदसप्त अशोक आम, तरु चैत्य चैत्ययुक्ताभिराम ।
इक योजन चोथी भुमि येम, अब वरनत हैं आगें सु जेम ॥ २१ ॥
वेदी तजि ध्वजपंकति विशाल, इक योजन पंचम भू रसाल ।
फुनि रजतकोट पूरव समान, राजें अनुपम रचनानिधान ॥ २२ ॥

दरवान जहां सुरनाग जान, सन्मुख अदभुत राजें महान ।
फुनि षष्टमि भुवि योजन मझार, वन कल्पवृक्ष शोहै अपार ॥ २३ ॥
तरु सिद्ध चहूं दिश हैं शुभेश, युत सिद्ध बिंब राजें नगेश ।
मंदार नमेरुक पारिजात, संतानकयुत इम च्यार भांत ॥ २४ ॥
वेदी ताजि फुनि योजन सु आध, भुवि सप्तमि राजत हरि विषाद ।
चहुं दिशमें नव नव तूप शृंग, जिनप्रतिमायुत छविके प्रसंग ॥ २५ ॥
फुनि फटिक कोट शोभा अमान, सबतें अदभुत राजें महान ।
गोपुर पन्नासम लसत जास, सुर कल्प सुभग दरवान जास ॥२६॥
गलियनकी वेदी युत महान, वेदी तक षोडश भींत जान ।
तिनपैं खंभन पर फटिक रूप, श्रीमंडप राजत है अनूप ॥ २७ ॥
मुक्ताफलमाला रत्नघंट, घटधूप आदि रचना महंत ।
सब थलतें अष्टम भू मझार, रचना अदभुत आनन्दकार ॥ २८ ॥
तिनमें चहुं ओर गली जु टार, दश दोय सभा शोभै सुसार ।

मुनि कैल्पसुरीआजियाँ सुजानि, तिय ज्योतिषैं व्यंतरैं भुवैन मानि ॥
व्यंतर भावन ज्योतिषं जु देव, कैल्पामर नैर पैशु येम भेव ।
फुनि भींतर वेदी मध्य जानि, है प्रथम पीठ पन्ना समान ॥ ३० ॥
वसु धनुष तुंग द्वयकोश व्यास, वसु पइल द्विगुन छवि गोल जास ।
ता परि च्यारों दिश यक्ष देव, वृषचक्र धरें शिरपैं स्वमेव ॥ ३१ ॥
जिनभक्त तनो तिहं तक प्रवेश, फुनि दुतिय पीठ कलधौत भेश ।
चव धनुष तुंग ध्वजयुत स्वरूप, तहं मंगल द्रव्य धरे अनूप ॥ ३२॥
फुनि तृतिय पीठ नग जटित सार, चव धनुष तुंग रचना अपार ।
तिह ऊपर गंधकुटी रसाल, छविपूरति गंध धरें विशाल ॥ ३३ ॥
सुरतरुके पुष्पनिकी अनूप, लूंबत हे माल रसालरूप ।
युत पत्र पुष्प किसलय अपार, छवियुत अशोक तरु शोकहार ।३४।
पदतर चव सिंहनके सु रूप, यह विष्टरसिंह लसै अनूप ।

सब रतनजटित सोहै अपार, सुरधनुसम प्रसरित जोति जार ॥२५॥
पि.गा. तिहंपै चतुरंगल व्योम टार, पद्मासन जिन छवि निर अधार । पूजा
१८४ अनुपम भामंडलको उदोत, लखि कोटिक रवि छवि छीन होत ॥२६॥
भविजनकूं भव दरसात सात, महिमा तिनकी वरनी न जात ।
घनसम धुनि सब भाषा जतात, भ्रम वैग अंस कहुं ना रहात ॥ २७ ॥
शिर छत्र तीन शशिकूं लजात, प्रभुता तिहुं लोकनकी जितात ।
सित चामर गंग तरंग जेम, चवसठि गित सुर ढारैं सप्रेम ॥ २८ ॥
तुव धुनिबल मनु हरि मदनबान, तुम ढिग डारत सुर मुद महान ।
सो पुष्पवृष्टि वरनी न जात, शसकेतुपराजयकूं जितात ॥ २९ ॥
जगजीवनकूं धुनि पूरि इष्ट, सुरताडित दुंदुभिनाद मिष्ट ।
रिपु मोह जयो ह्वैके निरोष, मनु तास विजय भाषै सुघोष ॥ ३० ॥
क्रीडा चिद्चिंतन अतुल जास, कवि कौन कहै बुधिबलविकास । १८४

षट द्रव्य अमित शक्ती न अंत, तिहुं कालमयी सत्ता अनंत ॥४१॥
पर्याय अनंत लिये जु ताहि, झलकैं गुनभाग अनंत मांहि।
अनुभव करिकै वरने जु केम, मिसरी चखि मूक भनें न जेम ॥४२॥
जिय जातिविरोधी वैर छांडि, उर प्रीति धरें आनंद मांडि।
तहं रोग शोक व्यापै न भूर, दुख सकल नशैं आए हजूर ॥ ४३ ॥
दुख द्वेष दोषवर्जित विराग, तव राग भए नाशैं कुराग।
इम अतिशय अतम धरें अपार, मंडित निर अाकुल सौख्यसार ॥
यह छवि त्रितवन उपवन मझार, मेरो मन रमन चहै अपार।
अरजी अब ये सुनिये कृपाल, दुरभाव अविद्या टाल टाल ॥ ४५॥
समरस सुख निज उर मंडि मंडि, पर चाह दाह दुख खंडि खंडि।
प्रकटो उर परउपकारवानि, निशादिन उचरूं तुम सुगुन गान ॥४६॥
तुम वैन सुधारसपान सार, चाहूं भव भव आनंदकार।

तुम भक्त संतजनको सुसंग, मति होहु कुमतिधरको प्रसंग ॥ ४७ ॥
परनिंदा परपीडन कुवानि, मति होहु कभी निज सुगुनहानि ।
सदगुरुचरणांबुजसेव सार, दीजे जगपति भव भव मझार ॥ ४८ ॥
तुव दरश करूं परतक्ष देव, यह चाहि हिये वरतै सुमेव ।
पावें जब लों नहि मोक्षथान, तबलों यह देहु दयानिधान ॥ ४९ ॥
हम जाचत हैं कर जोरि जोरि, अघबंधन मेरे तोरि तोरि ।
निजबोधसुधासुखको भंडार, अब "थान" हिये प्रकटो अपार ।५०।

कननि नंद आनंदकर, करो विघ्नगन नाश ।
पद्मचिह्नध्वज जनम थल, नगरि अयोध्या जास ॥ ५१ ॥

सुन्दरी छंद ।

निज स्वरूप हिये दरसावनी, सकल पातिगताप नसावनी ।
अजितकी जयदा जयमालही, धरत कंठ लहें शिववालही ॥ ५२ ॥

ओं ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थश्रीअजितवीर्यजिनेंद्राय जयमालार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अडिल्ल छंद ।

सीमंधर युगमंधर बाहु सुबाहुजी, संजातक अरु स्वयंप्रभूसुखदाय जी
ऋषभाननअरुअनंतवीर्य मनमोहने, सूरप्रभूरुविशालप्रभूअति सोहने
अवर वज्रधर चंद्राननअति चारु हैं, चंद्रबाहु रु भुजंगम ईश्वर सार हैं
नेमप्रभू अरु वीरसेनवरनाम ये, महाभद्रअरु देवयशहि अभिराम ये
अजितवीर्य इम विंश परम जिनदेव हैं ।
हरैं तिमिर मिथ्यात्व करैं सब सेवहैं ॥
इन्हैं भक्ति धरि भव्य यजैं मन ल्यायकैं ।
ते नर सुर सुख भोगि वरैं शिव जायकैं ॥ ३ ॥

अथ कर्त्ता परिचय-कवित्त ।

इब्राहीम अलीखां नवाबको सुराज तहां,
काका तिनको जु अबदुल्लाखां विख्यात है ।
ताकी सहायतें जु कारपरदाज तास,

धरम अनुराग धरैं रहे कुशलात हैं ॥
सार शुचि स्तुति ये रची है पुर टोंक थान,
कुल अजमेरा फौजसिंह जाम तात हैं।
विधिमुख४ लोक३ निधि९ इंदु१ साल विक्रममें,
वार शशि अश्वनि नौमी अवदात है ॥ १ ॥

दोहा।

गृहपति दूनिपाति हि के, संघी पन्नालाल।
वृषवत्सल तिन पाठ यह, कीनो सोधि रसाल ॥ २ ॥
सकल करन पर्याय निज, अरु परको हित जान।
विना बुद्धि थुति करनपैं, मति हासियो मतिमान ॥ ३ ॥
ये विनती कर जोरिकैं, लीज्यो चूक सुधार।
करियो भक्ति जिनेशकी, भरियो पुण्य भंडार ॥ ४ ॥

इति विदेहक्षेत्रस्थविंशतिविद्यमानतीर्थंकरपूजा समाप्ता ॥ २१ ॥